7

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन 3 को

पैकेजेनिंग उद्योग की संयुक्त कार्यकारी समिति ने मिल्स की

अनैतिक नीतियों व सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ 3 मार्च को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की घोषणा की है। समिति के संयोजक हरीश मदान ने एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पेपर कीमतें मनमाने तरीके से बढ़ाने के कारण पैकेजिंग उद्योग का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। समिति के सदस्य सुशील सूद व श्री पंकज अग्रवाल के अुनसार अपनी बात मनवाने के लिए माह में एक हफ्ते जानबूझकर उत्पादन बंद कर दिया जाता है, ताकि मनमाने दाम बढ़ाए जा सकें। अध्यक्ष के. शशीधरन ने बताया कि इस संबंध में केन्द्रीय उद्योग मंत्री व वित्त मंत्री को ज्ञापन देकर बड़ी पेपर मिलों पर अंकुश लगाने की मांग की गई है।

पंजाब केसरी
रविवार, 21 फरवरी, 2010 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 10 फाल्गुन 2066